# गौतमबुद्धनगर में 417 करोड़ की लागत से बनेगा इलेक्ट्रानिक क्लस्टर

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली

**15** हजार रोजगार का होगा सृजन, इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने दी मंजूरी

▸ मंत्री अश्विनी वैष्णव बोले– इस परियोजना से विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण होगा



फाइल

तमिलनाडु के बाद अब उत्तर प्रदेश को इलेक्ट्रानिक मैन्यूफैक्चरिंग का हब बनाने की दिशा में केंद्र सरकार काम कर रही है। बुधवार को इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर में 417 करोड़ रुपये की लागत से इलेक्ट्रानिक्स मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना को अपनी मंजूरी दे दी। इस क्लस्टर की स्थापना से इलेक्ट्रानिक मैन्यूफैक्चरिंग में बढ़ोतरी के साथ इनोवेशन को भी प्रोत्साहन मिलेगा। क्लस्टर की स्थापना में राज्य सरकार की प्रमुख भूमिका होगी। इसलिए मंत्रालय ने अपने कर्मियों को राज्य सरकार के कर्मचारियों के साथ मिलकर तेजी से काम करने का भी निर्देश दिया है।

मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर से जुड़ी इस परियोजना को यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित किया जाएगा। यह क्लस्टर 200 एकड़ में फैला होगा और इसमें 2,500 करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद है।

इस अवसर पर इलेक्ट्रानिक्स व आइटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस परियोजना से विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण होगा और 15,000 रोजगार के अवसर तैयार होंगे। इस क्लस्टर में कंज्यूमर इलेक्ट्रानिक वस्तुएं, आटोमोटिव और औद्योगिक इलेक्ट्रानिक सामग्री, चिकित्सा उपकरण, कंप्यूटर हार्डवेयर और संचार उपकरण जैसे सेक्टर के निर्माण कार्य होंगे। क्लस्टर की स्थापना से स्टार्टअप और एमएसएमई को विश्व स्तरीय विनिर्माण सुविधाएं मिल सकेंगी। बिजली व पानी की व्यवस्था, सीवेज उपचार, श्रमिकों के आवास, कौशल विकास केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र जैसी सुविधाएं विकसित रूप में मिलने से उद्यमियों की लागत में कमी आएगी। यह क्लस्टर सड़क, रेल और हवाई मार्ग से अच्छी तरह से जुड़ा होगा। यमुना एक्सप्रेस-वे, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे और आगामी पलवल-खुर्जा एक्सप्रेस-वे के साथ रणनीतिक रूप से जुड़ा हुआ है।

यह साइट रेलवे स्टेशन और जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट जैसे प्रमुख परिवहन केंद्रों के भी करीब है। इसके अलावा यह क्लस्टर मेडिकल डिवाइस पार्क, एमएसएमई व अपैरल पार्क एवं एविएशन हब जैसे महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्रों से घिरा होगा।